दिनांक 04.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ निगम जनदर्शन में विवेक अग्रवाल एवं आशिष चौहान सोमवार को उपस्थित होंकर अपने माता को मिलने वाले पेंशन राशि को बंद करने आवेदन प्रस्तुत किया तो आयुक्त चौहान ने उसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक अच्छी पहल है इससे स्पष्ट होता है कि समाज के लोग शासन के प्रति उत्तरदायी हो रहें हैं।

राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शासन की पेंशन योजना जिसके तहत् गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के वृद्ध एवं विधवा आश्रित को शासन की महती योजना के तहत् प्रति माह निर्धारित राशि प्रदान किया जाता है। विनोबा नगर जुनवानी वार्ड 02 निवासी विवेक अग्रवाल सोमवार को निगम मुख्य कार्यालय सुपेला के सभागार में लगे जनदर्शन में पहुंचकर आवेदन प्रस्तुत किया कि उनके माता सरोजनी बाई अग्रवाल का निधन 15 जुलाई को हो गया है अतः उनकी मॉ को मिलने वाली वृद्धा पेंशन को तत्काल बंद कर दिया जावे।

इसी प्रकार आशीष चौहान ने अपनी माता को मिलने वाली विधवा पेंशन उनके निधन के उपरान्त बंद करने का आवेदन आयुक्त के0एल0 चौहान को सौंपा। आयुक्त ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि लोग स्वयं होकर पेंशन बंद कराने से हिचकते हैं वे सोचते हैं कि पेंशन बैंक से लगातार आहरण नहीं होने पर शासन स्वयं बंद कर देगा। किन्तु श्री अग्रवाल एवं चौहान ने स्वयं होकर पेंशन बंद करने आवेदन प्रस्तुत किया है यह अच्छी बात है।

आयुक्त ने पेंशन अधिकारी मुकेश अग्रवाल को आवेदन सौपते हुए तत्काल पेंशन को बंद करने के निर्देश दिये।

जन सम्पर्क विभाग